# Revision Notes

# हिन्दी



# वाक्य-प्रकरण (Syntax)

## वाक्य



रीमा पत्र लिख रही है।



श्याम खेल रहा है ।



माँ खाना बना रही हैं ।

वाक्य-

एक विचार को व्यवस्थित रुप से प्रकट करने वाला सार्थक शब्द-समूह वाक्य कहलाता है।

वाक्य के अंग

वाक्य के प्रमुख दो अंग हैं-

1 उद्देश्य

वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं। जैसे-



बच्चा सो रहा है।

उद्देश्य



दादा जी अखबार पढ़ रहे है ।

उद्देश्य

2 विधेय

उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाए, उसे विधेय कहते है। जैसे-

बच्चा सो रहा है ।

विधेय


दादा जी अखबार पढ़ रहे है ।

विधेय

## उद्देश्य का विस्तार

जब वाक्यों में उसका परिचय देने वाले अन्य शब्द भी साथ आए होते हैं। ये अन्य शब्द उद्देश्य का विस्तार कहलाते हैं। जैसे-

लड़का खेल रहा है।



मोटा लड़का खेल रहा है।

इनमें मोटा शब्द उद्देश्य का विस्तार हैं।

- उद्देश्य में संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया-विशेषण, वाक्यांश आदि शब्द-भेदों का प्रयोग होता है ।
- वाक्य के साधारण उद्देश्य में विशेषणादि जोड़कर उसका विस्तार करते हैं।
- उद्देश्य का विस्तार विशेषण से, संबंध कारक और वाक्यांश से शब्दों के द्वारा प्रकट होता है ।

### विधेय का विस्तार

जब वाक्यों में उसका परिचय देने वाले अन्य शब्द भी साथ आए होते हैं। ये अन्य शब्द उद्देश्य का विस्तार कहलाते हैं। जैसे-

वाक्यों में मूल विधेय को पूर्ण करने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है वे विधेय का विस्तार कहलाते हैं।

जैसे-वह अपने घर जा रहा है।

इसमें अपने विधेय का विस्तार है।

## वाक्य-भेद

रचना के अनुसार वाक्य के निम्नलिखित भेद हैं-

- साधारण वाक्य।
- संयुक्त वाक्य।
- मिश्रित वाक्य।

1. साधारण वाक्य (Simple Sentence)

जिस वाक्य में केवल एक ही उद्देश्य व मुख्य क्रिया हो, वह साधारण वाक्य कहलाता है। जैसे-



अमर पुस्तक पढ़ रहा हैं।


- साधारण वाक्य में कर्ता के साथ उसके विस्तारक - विशेषण और क्रिया के अतिरिक्त कर्म एवं क्रिया-विशेषण आ सकते हैं।

2. संयुक्त वाक्य(Compound Sentence)

दो अथवा दो से अधिक साधारण वाक्य जब सामानाधिकरण समुच्चयबोधकों से जुड़े होते हैं, तो वे संयुक्त वाक्य कहलाते हैं।

(सामानाधिकरण समुच्चयबोधकों जैसे - पर, किन्तु, और, या आदि)

संयुक्त वाक्य वाक्य के निम्नलिखित चार भेद हैं -




1 संयोजक -

जब संयुक्त वाक्य संयोजक अव्यय द्वारा जुड़ा होता है।

जैसे- राम ने खाना खाया और श्याम ने खाना नहीं खाया ।

2 विभाजक-

जब वाक्यों में परस्पर भेद या विरोध का संबंध रहता है।

जैसे - वह बातें तो बहुत बनाता है लेकिन काम नहीं करता।

3 विकल्पसूचक-

जब दो बातों में से किसी एक को स्वीकार करना होता है।

जैसे-ठीक से काम करो अथवा नौकरी छोड़ दो।

4 परिणामबोधक-


जब एक साधारण वाक्य दूसरे वाक्य का परिणाम होता है।

जैसे- आज मुझे बहुत काम है इसलिए मैं बाहर नहीं जा सकता।

### 3. मिश्रित वाक्य

जिस वाक्य में एक मुख्य वाक्य और उसके आश्रित एक या एक से अधिक उपवाक्य हो उसे मिश्रित वाक्य कहते हैं।


जैसे-



सफल वही होता है जो दिन. रातमेहनत करता है।

- मिश्रित वाक्य में एक मुख्य या प्रधान उपवाक्य और एक अथवा अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं जो समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े होते हैं।

आश्रित उपवाक्य तीन प्रकार के होते हैं-




1 संज्ञा उपवाक्य

जो आश्रित उपवाक्य किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम के स्थान पर आता है, वह संज्ञा उपवाक्य कहलाता है।

जैसे - लगता है कि वह बहुत परेशान है ।

वह बहुत परेशान है यह संज्ञा उपवाक्य है।

2 विशेषण उपवाक्य

मुख्य उपवाक्य की संज्ञा शब्द अथवा सर्वनाम शब्द की विशेषता बतानेवाला आश्रित उपवाक्य विशेषण उपवाक्य कहलाता है।

जैसे- मैं वह घड़ी नहीं लूँगा जो मुझे पुरस्कार स्वरूप मिली है।

3 क्रिया-विशेषण उपवाक्य

प्रधान उपवाक्य की क्रिया की विशेषता बतानेवाला आश्रित उपवाक्य क्रिया-विशेषण उपवाक्य कहलाता है।

जैसे- जब वह मेरे घर आया तब मैं खेल रहा था।

**वाक्य-परिवर्तन**

वाक्य-परिवर्तन के अंतर्गत वाक्य के अर्थ में किसी तरह का परिवर्तन किए बिना वाक्य को दूसरे प्रकार के वाक्य में परिवर्तित किया जाता है।

**साधारण वाक्यों का संयुक्त वाक्यों में परिवर्तन-**

| साधारण वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| मैं खाना खाकर सो गया। | मैंने खाना खाया और सो गया। |
| बीमार होने के कारण मैं विघालय नहीं जा सकी। | मैं बीमार थी इसलिए मैं विघालय नहीं जा सकी । |

**साधारण वाक्यों का मिश्रित वाक्यों में परिवर्तन-**

| साधारण वाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|
| झूठ बोलने वालों को कोई पसंद नहीं करता। | जो झूठ बोलते हैं उन्हें कोई पसंद नहीं करता। |
| बीमार होने के कारण दादी जी कहीं आ-जा नही सकती । | दादी जी इतनी बीमार है कि वह कहीं आ-जा नहीं सकती। |

**संयुक्त वाक्यों का साधारण वाक्यों में परिवर्तन-**

| संयुक्त वाक्य | साधारण वाक्य |
|---|---|
| राज ने खाना खाया और खेलने चला गया। | राज खाना खाकर खेलने चला गया। |
| जो गरीब हैं उसकी कोई नहीं सुनता। | गरीबों की कोई नहीं सुनता। |

**संयुक्त वाक्यों का मिश्रित वाक्यों में परिवर्तन-**

| संयुक्त वाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|
| सोहन मुंबई चला गया पर वहाँ खुश नहीं है। | जब से सोहन मुंबई गया है खुश नहीं है। |
| माँ ने थैला उठाया और बाजार की ओर चली गई। | जब माँ ने थैला उठाया तब वे बाजार की ओर चली । |

**मिश्रित वाक्यों का साधारण वाक्यों में परिवर्तन-**

| मिश्रित वाक्य | साधारण वाक्य |
|---|---|
| मैंने रीमा से कहा कि वह मेरा काम करें। | मैंने रीमा से अपना काम करने के लिए कहा । |
| जैसे ही हम घर से बाहर निकले मेहमान आ गए। | हमारे घर से बाहर निकलते ही मेहमान आ गए। |

**मिश्रित वाक्यों का संयुक्त वाक्यों में परिवर्तन-**

| मिश्रित वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| जब सूर्य निकला, तो फूल खिल गए। | जब सूर्य निकला और फूल खिल गए। |
| मैं एक ऐसे लड़के से मिला जो बहुत मेहनती है। | मैं एक लड़के से मिला और वह बहुत मेहनती है। |

अर्थानुसार वाक्य के निम्नलिखित आठ भेद हैं-

| | |
|---|---|
| विधानार्थक वाक्य | इच्छार्थक वाक्य |
| निषेधार्थक वाक्य | संदेहार्थक वाक्य |
| आज्ञार्थक वाक्य | संकेतार्थक वाक्य |
| प्रश्नार्थक वाक्य | विस्मयबोधक वाक्य |

विधानार्थक वाक्य-

जिन वाक्यों में क्रिया के करने या होने का कथन हो, उन्हें विधानार्थक वाक्य कहते हैं।
जैसे- वर्षा हो रही हैं ।

निषेधार्थक वाक्य-

जिस वाक्य से किसी बात के न होने का कथन हो, उन्हें निषेधार्थक वाक्य कहते हैं।
जैसे- वह आज नहीं आएँगा।

### आज्ञार्थक वाक्य-

जिस वाक्य से आदेश अथवा अनुमति देने का बोध हो, उन्हें आज्ञार्थक वाक्य कहते हैं।

जैसे- आप यहाँ बैठ सकते है।

### प्रश्नार्थक वाक्य-

जिस वाक्य में प्रश्न किया जाए, उन्हें प्रश्नार्थक वाक्य कहते हैं।

जैसे- तुम कब आए ?

### इच्छार्थक वाक्य-

जिस वाक्य से इच्छा या आशा के भाव प्रकट किया जाए, उन्हें इच्छार्थक वाक्य कहते हैं।

जैसे- सबका भला हो।

### संदेहार्थक वाक्य-

जिस वाक्य से संदेह का बोध हो, उन्हें संदेहार्थक वाक्य कहते हैं।

जैसे- आज शायद वर्षा हो।

### संकेतार्थक वाक्य-

जिस वाक्य से संकेत का बोध हो, उन्हें संकेतार्थक वाक्य कहते हैं।

जैसे- अगर तुम परिश्रम करते तो अवश्य सफल होता।

### विस्मयबोधक वाक्य-

जिस वाक्य से विस्मय के भाव प्रकट हों, उन्हें संकेतार्थक वाक्य कहते हैं।

जैसे- अहा कितना प्यारा दृश्य है। !

## ध्यान दें

- शब्दों के व्यवस्थित समूह को वाक्य कहते हैं।
- वाक्य के दो अंग हैं - उद्देश्य और विधेय।

## (Points to remember)

- वाक्य भेद - अर्थ के आधार पर विधानवाचक, निषेधवाचक, इच्छावाचक, आज्ञावाचक, संकेतवाचक, विस्मय-बोधक, सन्देहवाचक, प्रश्नवाचक ।
- रचना के आधार पर - सरल, संयुक्त, मिश्र ।